# University in News on 05 September 2021



**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि में 10 तक जमा करें प्रवेश शुल्क

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर 2021 के विद्यार्थियों, जिनकी परीक्षाएं हो चुकी हैं उनको छोड़कर अन्य विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करने का एक और अवसर दिया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह के अनुसार ऐसे विद्यार्थी 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ 10 सितंबर तक शुल्क जमा कर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## 10 तक भरें परीक्षा फॉर्म

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्सों में प्रोन्नत किए जा चुके छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने का एक और अवसर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ 10 सितंबर तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म विवि की वेबसाइट पर जाकर भर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## लविवि: लैंगिक समानता व स्वास्थ्य जरूरी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के जैव रसायन विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत शनिवार को लैंगिग समानता और स्वास्थ्य विषय पर चर्चा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि कुलपति की पत्नी संगीता राय, डॉ. अंशुमाली शर्मा, प्रो. मधुरिमा लाल ने लैंगिग समानता और स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने लैंगिक समानता बालिका शिक्षा महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जेंडर इक्वैलिटी विषय पर एक डॉक्युमेंट्री भी दिखाई गई। जिसे बायोकेमिस्ट्री के छात्रों द्वारा तैयार किया गया था। अंत में पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रो. सुधीर मेहरोत्रा, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. मीनल गर्ग आदि उपस्थित थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

**JAGRAN CITY PAGE I**

# 53 कालेजों में केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया से दाखिले

**जासं, लखनऊ :** शैक्षिक सत्र 2021-22 में लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) से सम्बद्ध 53 महाविद्यालयों के स्नातक, परास्नातक एवं प्रोफेशनल कोर्सों में दाखिले केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होंगे। विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के परिणामों के आधार पर मेरिट जारी कर अपने साथ-साथ इन कालेजों में भी काउंसिलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को प्रवेश का मौका देगा। कालेजों का डाटा भी तैयार कर लिया गया है। काउंसिलिंग के समय इन कालेजों की सूची और पाठ्यक्रमवार सीटों की संख्या जारी की जाएगी।

लवि ने केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से कालेजों में भी प्रवेश लेने की व्यवस्था पिछले साल शुरू की थी। इस बार भी कालेजों को निर्धारित शुल्क जमा करके विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ने के लिए आवेदन करने का मौका 31 अगस्त तक दिया गया था। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आखिरी तिथि तक 121 पाठ्यक्रमों के लिए 53 कालेजों ने आवेदन किया है। सबसे अधिक आवेदन बीकाम और बीकाम आनर्स पाठ्यक्रमों के लिए किए गए हैं। इसके अलावा बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीवीए/ बीएफए, बीसीए, बीबीए, बीएससी गणित, बीएससी बायोलाजी, एलएलबी (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय), बीएलएड, बीपीएड, एमए और एमपीएड पाठ्यक्रमों के लिए भी आवेदन आए हैं।

**121**

**पाठ्यक्रमों में लखनऊ विश्वविद्यालय काउंसिलिंग के माध्यम से देगा प्रवेश**

### 524 कालेज सम्बद्ध

अभी तक लखनऊ विश्वविद्यालय से राजधानी में 174 कालेज सम्बद्ध थे। अब हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली को मिलाकर 350 कालेज लविवि से सम्बद्ध हो गए। नए सत्र से 524 कालेजों का संचालन विश्वविद्यालय की देखरेख में होगा।

### लेट फीस के साथ 10 तक भरें फार्म

लवि ने स्नातक सम सेमेस्टर एवं पीजी सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2021 के फार्म भरने की तिथि लेट फीस के साथ फिर बढ़ा दी है। छात्र-छात्राएं एक हजार रुपये लेट फीस के साथ 10 सितंबर तक आनलाइन फार्म वेबसाइट www.exam.luonline.in एवं www.lkouniv.ac.in के माध्यम से भर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने निर्देश जारी किए हैं। अभी तक स्नातक सम सेमेस्टर कक्षाओं जैसे बीए, बीएससी, बीकाम (द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर), परास्नातक, प्रबंधकीय स्नातक, विधि तीन वर्षीय एवं आनर्स, बीएससी, एमएससी, बीएससी एवं एमएससी कृषि, बीएड, एमएड, एमपीएड एवं अन्य सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर एवं एग्जेम्प्टेड सेमेस्टर परीक्षा के फार्म लेट फीस के साथ भरने की तिथि 31 अगस्त थी।